The scanned copy shall be uploaded on the GeM Portal and the original financial instrument shall reach INCOIS within five working days of bid opening.

एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत वैध छूट एवं उसके समर्थन में अपेक्षित दस्तावेजों के बिना अथवा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) के बिना प्रस्तुत की गई बोलियों को बिना किसी अतिरिक्त विचार के सीधे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

Bids submitted without EMD or valid exemption under MSMED Act, 2006 along with supporting documents shall be rejected summarily.

असफल बोलीदाताओं की अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) तकनीकी बोली के अंतिम रूप से निष्पादन के 30 दिनों के भीतर वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

The EMD of unsuccessful bidders shall be refunded within thirty days after finalization of the Technical Bid. No interest shall be payable on the EMD.

2.8 हैदराबाद स्थित स्थानीय कार्यालय का पता तथा अधिकृत प्रतिनिधि का नाम, संपर्क संख्या एवं पूर्ण पता प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

The bidder shall furnish details of its local office at Hyderabad along with the name, contact number and address of the authorized representative.

2.9 बोली खोले जाने की तारीख से बोली की वैधता अवधि 90 दिनों की होगी।

The bid shall remain valid for a period of ninety (90) days from the date of opening of the bid.

2.10 बोली खोले जाने के पश्चात किसी भी बोलीदाता को अपनी बोली वापस लेने अथवा उसमें संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

No bidder shall be permitted to withdraw or modify the bid after its opening.

2.11 अपूर्ण अथवा शर्तयुक्त बोलियाँ स्वीकार नहीं की जाएँगी और उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Incomplete or conditional bids shall be rejected.

2.12 निदेशक, ESSC-INCOIS को प्राप्त किसी भी अथवा सभी बोलियों को बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

The Director, ESSC-INCOIS reserves the right to accept or reject any or all bids without assigning any reason whatsoever.

2.13 विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रवेश हवाई अड्डों पर बोलीदाता के सहयोगी (Associates) होने चाहिए। ऐसे सभी सहयोगियों का स्थान, नाम, फैक्स संख्या, ई-मेल पता तथा दूरभाष संख्या सहित विस्तृत विवरण तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

The bidder must have associates at Gateway International Airports. Details of such associates including location, name, fax number, e-mail address and telephone numbers shall be enclosed with the Technical Bid.

2.14 बोलीदाता को अनुबंध प्रदान किए जाने की तारीख से 38 माह की अवधि के लिए ₹20.00 लाख की निष्पादन बैंक गारंटी प्रस्तुत करने की सहमति देनी होगी।

The bidder shall agree to furnish a Performance Bank Guarantee of ₹20.00 Lakhs valid for thirty-eight (38) months from the date of award of contract.

2.15 बोलीदाता को ₹25.00 लाख के निष्ठा बंधपत्र (Fidelity Bond) प्रस्तुत करने की सहमति देनी होगी।

The bidder shall agree to furnish a Fidelity Bond for ₹25.00 Lakhs.

**टिप्पणी / Note**

धारा 2.1 से 2.15 के समर्थन में अपेक्षित सभी दस्तावेज तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किए जाने चाहिए। ऐसा न किए जाने पर बोली अस्वीकृत की जा सकती है।

Documents in support of Clauses 2.1 to 2.15 must be submitted along with the Technical Bid, failing which the bid may be rejected.

## 3. कार्य का दायरा SCOPE OF WORK

कार्य के दायरे में खेपों का समेकन (Consolidation), सीमा शुल्क निकासी (Customs Clearance) तथा पारगमन बीमा (Transit Insurance) की व्यवस्था सम्मिलित होगी, जैसा कि नीचे वर्णित है।

The scope of work shall include consolidation of consignments, customs clearance and arranging transit insurance, as detailed below.

3.1 सफल बोलीदाता, ESSC-INCOIS द्वारा जारी क्रय आदेशों (Purchase Orders) में दिए गए निर्देशों के अनुसार विदेश स्थित आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क स्थापित करेगा, आदेशों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखेगा, आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करेगा तथा खेपों की समयबद्ध बुकिंग सुनिश्चित करने हेतु अग्रिम व्यवस्था करेगा।

The successful bidder shall, based on the instructions contained in ESSC-INCOIS Purchase Orders, contact the overseas suppliers, regularly monitor the progress of orders, pursue follow-up action and make advance arrangements for prompt booking of consignments.

3.2 सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि अग्रेषण (Forwarding) हेतु प्राप्त प्रत्येक खेप अथवा पैकेज संबंधित क्रय आदेशों के अनुरूप हो तथा प्रेषण से पूर्व निम्नलिखित विवरणों का सत्यापन कर लिया जाए—

1. खेप का भार एवं आयाम (Weight and Dimensions)
2. पैकेजों/पार्सलों के चिह्न एवं संख्या
3. क्रय आदेश संख्या
4. परिवहन का माध्यम
5. निर्दिष्ट गंतव्य हवाई अड्डा/बंदरगाह
6. खेप की शर्तें, जैसे FOB/FCA, Ex-Works, CIF आदि
7. भारत में विशेष प्रबंध की आवश्यकता वाली अतिविशाल (ODC) अथवा भारी खेपें

The successful bidder shall verify, with reference to the relevant Purchase Orders, that all consignments/packages received for onward transmission contain complete and correct particulars regarding weight and dimensions, package markings and numbers, purchase order number, mode of transport, destination airport/seaport, shipment terms and special handling requirements for over-dimensional or heavy cargo.

3.3 सफल बोलीदाता वायु अथवा समुद्री मार्ग से, एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइंस/फ्री कैरियर/लाइनर सेवाओं के माध्यम से, खेपों को भारत में उनके अंतिम गंतव्य तक अग्रेषित करने की व्यवस्था करेगा।

The successful bidder shall arrange forwarding of consignments to their ultimate destination in India by Air or Ocean freight through Air India, Indian Airlines, Free Carrier or Liner services.

3.4 हवाई कार्गो का समेकन (Air Cargo Consolidation) अनुमेय होगा, बशर्ते कि मूल स्थान पर कार्गो प्राप्त होने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होने की तारीख से सात कार्य दिवसों से अधिक विलंब न हो। तथापि, यदि ESSC-INCOIS किसी विशेष मामले में कोई विशिष्ट तारीख निर्धारित करता है, तो उसी का पालन किया जाएगा।

Consolidation of air cargo shall be permitted provided it does not result in a delay of more than seven working days from the date of receipt of cargo at the origin and completion of all related documents, unless a specific date is prescribed by ESSC-INCOIS.

3.5 यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वायु कार्गो का समेकन IATA के सही वर्गीकरण (Classification) के अंतर्गत किया गया हो।The successful bidder shall ensure that consolidation of air cargo is carried out under the correct IATA classification

3.6 पूर्व-सूचना (Pre-Alert)

सफल बोलीदाता खेप के आगमन से पर्याप्त समय पूर्व ESSC-INCOIS को मालभाड़े का विवरण, मास्टर एयरवे बिल (MAWB), हाउस एयरवे बिल (HAWB) अथवा बिल ऑफ लेडिंग तथा संबंधित क्रय आदेश संख्या सहित चालान (Invoice) का विवरण उपलब्ध कराएगा।

यह सूचना "Pre-Alert" के रूप में प्रदान की जाएगी ताकि संस्थान आवश्यक पूर्व तैयारी कर सके।

The bidder shall provide ESSC-INCOIS, sufficiently in advance of the arrival of the consignment, complete freight particulars along with the Master Airway Bill, House Airway Bill or Bill of Lading and invoice details indicating the relevant Purchase Order number. Such advance intimation shall constitute the Pre-Alert.

3.7सफल बोलीदाता, खेप के प्रेषण हेतु तैयार होने की स्थिति, संभावित आगमन तारीख तथा उससे संबंधित अन्य सभी सूचनाओं से ESSC-INCOIS को समय-समय पर अवगत कराता रहेगा।

The successful bidder shall keep ESSC-INCOIS informed regarding readiness of consignments for dispatch, expected arrival dates and all other relevant information.

3.8 सफल बोलीदाता अपनी अभिरक्षा (Custody) में रहने वाली सामग्री की सुरक्षा, सावधानीपूर्वक रख-रखाव, उचित हैंडलिंग तथा भंडारण के लिए पूर्णतः उत्तरदायी होगा।

यदि उसकी अभिरक्षा अवधि के दौरान किसी प्रकार की क्षति, हानि अथवा विनाश होता है, तो उसके लिए वह पूर्ण क्षतिपूर्ति करने का दायित्व वहन करेगा।

The successful bidder shall be fully responsible for the proper safety, care, handling and storage of goods while they remain in its custody and shall compensate ESSC-INCOIS for any loss, damage or destruction occurring during such period.

3.9 गंतव्य स्थान पर ESSC-INCOIS की खेप प्राप्त होने पर सफल बोलीदाता भारतीय मुद्रा में मालभाड़े का भुगतान कर डिलीवरी ऑर्डर प्राप्त करेगा तथा ESSC-INCOIS की ओर से संबंधित सीमा शुल्क औपचारिकताएँ पूरी कर खेप को मुक्त कराएगा।

Upon arrival of ESSC-INCOIS consignments at the destination, the successful bidder shall obtain Delivery Orders by paying freight charges in Indian Rupees and shall complete customs clearance formalities on behalf of ESSC-INCOIS.

3.10 उपरोक्त सेवाओं के निष्पादन को सुगम बनाने के लिए ESSC-INCOIS सफल बोलीदाता को अपने विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को जारी किए गए क्रय आदेशों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएगा तथा स्पष्ट रूप से यह निर्दिष्ट करेगा कि खेप किस एजेंसी अथवा मार्ग से भेजी जानी है।

ESSC-INCOIS यह भी सुनिश्चित करेगा कि अधिकांश विदेशी क्रय आदेश FOB/FCA आधार पर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश हवाई अड्डों (Gateway International Airports) के माध्यम से जारी किए जाएँ।

To facilitate the services, ESSC-INCOIS shall provide copies of purchase orders placed on overseas suppliers together with clear routing instructions. ESSC-INCOIS shall endeavour to place most overseas purchase orders on FOB/FCA terms through Gateway International Airports.

3.11 सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि ब्रेक-बल्क (Break Bulk) के उपरांत कार्गो का पुनः प्रेषण उसी गंतव्य तक किया जाए जिसके लिए वह बुक किया गया था।

यदि कोई कार्गो गलत गंतव्य पर पहुँच जाता है, तो सफल बोलीदाता आवश्यक दस्तावेजों सहित उसका यथाशीघ्र पुनर्निर्दशन (Diversion) करेगा। ऐसी स्थिति में पुनर्निर्दशन, डेमरेज अथवा अन्य संबंधित व्यय सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएँगे।

The successful bidder shall ensure that cargo is trans-shipped to the correct destination after break-bulk operations. In case any cargo reaches an incorrect destination, the bidder shall arrange diversion to the correct destination with minimum delay and bear all diversion, demurrage and related charges.

**हवाई मालभाड़ा निर्धारण हेतु प्रावधान**

**Provisions for Air Freight Calculation**

(क) 6000 घन सेंटीमीटर अथवा 366 घन इंच का आयतन भार एक किलोग्राम के बराबर माना जाएगा।

(a) 6000 cubic centimeters or 366 cubic inches shall be deemed equivalent to one kilogram of volumetric weight.

(ख) वास्तविक सकल भार अथवा आयतन भार, जो भी अधिक होगा, उसी के आधार पर मालभाड़ा निर्धारित किया जाएगा।

(b) Freight shall be charged on actual gross weight or volumetric weight, whichever is higher.

(ग) किलोग्राम अथवा अन्य इकाइयों के अंशों को अगले आधे किलोग्राम तक पूर्णांकित किया जाएगा।

(c) Fractions shall be rounded to the next half kilogram.

(घ) यदि आपूर्तिकर्ता के चालान में दर्शाए गए भार तथा HAWB में अंकित भार में मामूली अंतर हो, तो HAWB में उल्लिखित भार को ही मालभाड़ा निर्धारण का आधार माना जाएगा।

(d) In case of minor discrepancies between invoice weight and HAWB weight, the HAWB weight shall prevail.

(ङ) यदि किसी खेप का कोई भी आयाम 307 × 192 × 158 सेमी से अधिक हो, तो उसे अतिविशाल खेप (ODC – Over Dimensional Consignment) माना जाएगा।

(e) Any consignment having dimensions exceeding 307 × 192 × 158 cm shall be treated as an Over Dimensional Consignment (ODC).

3.12 एक्स-वर्क्स (Ex-Works) खेपें

यदि कोई विदेशी आपूर्तिकर्ता केवल Ex-Works आधार पर सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सहमत होता है, तो सफल बोलीदाता अथवा उसका विदेशी सहयोगी आपूर्तिकर्ता के परिसर से सामग्री उठाकर उसे ESSC-INCOIS तक भेजने की व्यवस्था करेगा।

ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता के देश के निकटतम गेटवे हवाई अड्डे तक विदेशी अंतर्देशीय हैंडलिंग, अग्रेषण, परिवहन तथा पिक-अप शुल्कों का भुगतान ESSC-INCOIS द्वारा निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक "C" के अनुसार किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त Ex-Works खेपों के संबंध में ESSC-INCOIS पर कोई अन्य शुल्क देय नहीं होगा।

हवाई अड्डे से निकासी के उद्देश्य से खेप का "Chargeable Weight" मान्य होगा। तथापि, भारत में परिवहन से संबंधित अन्य भुगतानों हेतु MAWB/HAWB में अंकित सकल भार (Gross Weight) को आधार माना जाएगा।

In the case of Ex-Works shipments, the successful bidder shall arrange pickup from the supplier's premises and onward transportation to ESSC-INCOIS. Foreign inland handling, forwarding, transportation and pickup charges up to the nearest gateway airport shall be payable by ESSC-INCOIS in accordance with Annexure "C". No other charges shall be payable for Ex-Works shipments.

For customs clearance purposes, the chargeable weight shall apply. However, for inland transportation and related payments within India, the gross weight indicated in the MAWB/HAWB shall be considered.

## 4. सीमा शुल्क निकासी (Customs Clearance)

4.1 आयातित खेपों की सीमा शुल्क निकासी में नाजुक (Delicate), शीघ्र नष्ट होने वाली (Perishable), खतरनाक (Dangerous Goods – DGR), जोखिमयुक्त (Hazardous), रेडियोधर्मी (Radioactive) तथा अतिविशाल (ODC) वस्तुओं सहित सभी प्रकार की खेपों की निकासी सम्मिलित होगी। यह कार्य हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई तथा नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (ICD) तथा विदेशी डाकघरों (Foreign Post Offices) से किया जाएगा।

इसमें ESSC-INCOIS की आयात एवं निर्यात दोनों प्रकार की खेपों के लिए बिल ऑफ एंट्री (BOE) दाखिल करना तथा समुद्री मार्ग से आने वाली खेपों की निकासी भी सम्मिलित होगी।

Customs clearance of imported consignments shall include delicate items, perishable items, dangerous goods (DGR), hazardous, radioactive and over-dimensional consignments from the International Airports of Hyderabad, Chennai, Mumbai and New Delhi, including ICDs and Foreign Post Offices.

The scope shall also include filing of Bills of Entry (BOE) for both import and export consignments of ESSC-INCOIS and clearance of sea consignments.

4.2 सफल बोलीदाता ESSC-INCOIS के क्रय अनुभाग (Purchase Section) तथा भंडार अनुभाग (Stores Section) से आयात एवं निर्यात संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करेगा।

The successful bidder shall collect all documents relating to imports and exports from the Purchase and Stores Sections of ESSC-INCOIS.

4.3 सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि बिल ऑफ एंट्री (Bill of Entry) में वस्तुओं का नामकरण (Nomenclature) तथा एच.एस. वर्गीकरण (HS Classification) प्रचलित आयात-निर्यात व्यापार नियंत्रण (ITC) तथा सीमा शुल्क अधिसूचनाओं के अनुरूप सही-सही अंकित किया गया हो।

वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि सही एच.एस. कोड (HS Code) का उपयोग किया गया हो तथा सीमा शुल्क शुल्क-मुक्त वस्तुओं (Duty Free Items) को सीमा शुल्क अधिनियम एवं प्रासंगिक अधिसूचनाओं के अनुसार बिना शुल्क के मुक्त कराया जाए।

ESSC-INCOIS सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 51/96 तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अंतर्गत रियायती सीमा शुल्क का पात्र है; अतः संबंधित लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

The successful bidder shall ensure that the correct nomenclature and HS Classification, as per prevailing ITC and Customs Notifications, are mentioned in the Bill of Entry.

The correct HS Product Code shall be verified and duty-free items shall be cleared without payment of duty wherever admissible under the Customs Tariff Act and applicable notifications.

ESSC-INCOIS is entitled to concessional customs duty benefits under Customs Notification No. 51/96 and amendments issued from time to time.

4.4 यदि कोई खेप क्षतिग्रस्त अवस्था में प्राप्त होती है अथवा उसमें कमी (Short Landing) पाई जाती है, तो सफल बोलीदाता को कोई भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक ESSC-INCOIS को पूर्ण खेप अथवा बीमा दावा राशि प्राप्त नहीं हो जाती।

ऐसी स्थिति में सफल बोलीदाता एयरलाइन, पोर्ट, हवाई अड्डा, डाक अथवा कूरियर प्राधिकरणों से "Shortage Certificate", "Damage Certificate", "Not Found Certificate" अथवा "Not Traceable Certificate" प्राप्त करेगा तथा बीमा सर्वेक्षण की व्यवस्था कर ESSC-INCOIS की ओर से औपचारिक दावा प्रस्तुत करेगा।

In the event that a consignment is received short or in damaged condition, no payment shall be released to the successful bidder until ESSC-INCOIS receives either the complete consignment or the corresponding insurance claim.

The successful bidder shall obtain the necessary shortage, damage, not-found or not-traceable certificates from the concerned authorities and lodge formal claims on behalf of ESSC-INCOIS after arranging the insurance survey.

4.5 सीमा शुल्क (Customs Duty) का भुगतान

(क) ₹10.00 लाख तक की सीमा शुल्क देयता का भुगतान सफल बोलीदाता/CHA द्वारा किया जाएगा तथा मूल रसीद प्रस्तुत करने पर ESSC-INCOIS से प्रतिपूर्ति प्राप्त की जाएगी।

(ख) ₹10.00 लाख से अधिक सीमा शुल्क देयता होने पर—

- या तो ESSC-INCOIS ICEGATE पोर्टल के माध्यम से सीधे भुगतान करेगा, अथवा
- ESSC-INCOIS द्वारा आवश्यक अग्रिम राशि CHA को उपलब्ध कराई जाएगी।

**Payment of Customs Duty**

For customs duty liabilities up to ₹10.00 Lakhs, payment shall be made by the CHA and reimbursed by ESSC-INCOIS against submission of original receipts.

For customs duty liabilities exceeding ₹10.00 Lakhs, either ESSC-INCOIS shall make payment directly through the ICEGATE Portal or advance funds shall be provided to the CHA.

4.6 सफल बोलीदाता, समेकित (Console) अथवा असमेकित (Non-Console) दोनों प्रकार की खेपों के लिए कार्गो आगमन सूचना (Cargo Arrival Notice), डिलीवरी ऑर्डर (Delivery Order) प्राप्त करेगा तथा ESSC-INCOIS के परामर्श से आवश्यक सीमा शुल्क दस्तावेज तैयार करेगा।

वह हस्ताक्षरित दस्तावेज प्राप्त कर सभीसीमा शुल्क औपचारिकताएँ पूर्ण करेगा।

The successful bidder shall obtain Cargo Arrival Notices and Delivery Orders for both console and non-console consignments and prepare customs documentation in consultation with ESSC-INCOIS.

The bidder shall collect signed documents from ESSC-INCOIS and complete all customs formalities.

4.7 सीमा शुल्क विभाग द्वारा उठाई गई विभिन्न आपत्तियों, प्रश्नों अथवा स्पष्टीकरणों का निस्तारण सफल बोलीदाता ESSC-INCOIS की सहायता से करेगा।

The successful bidder shall attend to and resolve all customs queries with the assistance of ESSC-INCOIS.

4.8 सफल बोलीदाता सीमा शुल्क विभाग, एमएसआईएल (MSIL) तथा संबंधित वाहक (Carrier) के साथ सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करेगा तथा खेप को ESSC-INCOIS तक पहुँचाने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूरी करेगा।

The successful bidder shall process all documents through Customs, MSIL and the concerned Carrier and complete all formalities necessary for delivery of the consignment to ESSC-INCOIS.

4.9 (क) निकासी शुल्क (Clearance Charges)

ESSC-INCOIS निम्नानुसार प्रति बिल ऑफ एंट्री निश्चित निकासी शुल्क का भुगतान करेगा:

**उपकरणों (Equipment) हेतु**

सीमा शुल्क निकासी के लिए एजेंसी शुल्क के रूप में ₹3,000/- (केवल चार हजार रुपये) प्रति बिल ऑफ एंट्री।

**अत्यधिक शीघ्र नष्ट होने वाली अथवा तापमान-नियंत्रित वस्तुओं हेतु**

रेफ्रिजरेटेड वैन, ड्राई आइस अथवा जेल आइस की आवश्यकता वाली संवेदनशील वस्तुओं हेतु ₹4,000/- प्रति बिल ऑफ एंट्री।

इन शुल्कों में परीक्षण शुल्क, खोलने एवं पुनः पैकिंग शुल्क, हैंडलिंग शुल्क, ब्रेक-बल्क शुल्क, पारगमन बीमा व्यवस्था तथा निकासी हेतु आवश्यक अन्य व्यय सम्मिलित माने जाएँगे।

निःशुल्क अवधि के भीतर वास्तविक भंडारण शुल्क (Storage Charges) को छोड़कर ESSC-INCOIS द्वारा कोई अन्य निकासी व्यय देय नहीं होगा।

यह दरें खतरनाक, रेडियोधर्मी, जोखिमयुक्त, ODC अथवा शीघ्र नष्ट होने वाली सभी प्रकार की खेपों पर समान रूप से लागू होंगी।

**Clearance Charges**

ESSC-INCOIS shall pay fixed clearance charges of ₹3,000/- per Bill of Entry for equipment consignments and ₹4,000/- per Bill of Entry for highly perishable or temperature-sensitive consignments.

The charges shall include all expenses related to customs clearance such as examination fees, unpacking/repacking charges, handling charges, break-bulk charges and transit insurance arrangements.

No additional clearance charges shall be payable except actual storage charges incurred during the free period.

4.9 (ख) परिवहन शुल्क (Transportation Charges)

राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (RGIA) अथवा आईसीडी, सनतनगर, हैदराबाद से निकाली गई सभी खेपें ESSC-INCOIS भंडार तक बिना किसी अतिरिक्त परिवहन शुल्क के पहुँचाई जाएँगी, यदि उनका भार 200 किलोग्राम तक हो।

**Transportation Charges**

All consignments cleared at Rajiv Gandhi International Airport or ICD, Sanath Nagar, Hyderabad, shall be delivered to ESSC-INCOIS Stores without any additional transportation charges up to 200 kilograms.

4.9 (ग)200 किलोग्राम से अधिक भार वाली खेपों के लिए ₹20 प्रति किलोग्राम की दर से परिवहन शुल्क देय होगा, जिसकी अधिकतम सीमा ₹7,000/- होगी।

ESSC-INCOIS को यह अधिकार होगा कि यदि दावा की गई राशि अनुचित प्रतीत हो, तो वह उसे युक्तिसंगत सीमा तक सीमित कर दे।

भारत में परिवहन शुल्क का निर्धारण केवल सकल भार (Gross Weight) के आधार पर किया जाएगा। जीएसटी नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।

For consignments weighing more than 200 kilograms, transportation charges shall be payable at ₹20 per kilogram subject to a maximum of ₹7,000/-.

ESSC-INCOIS reserves the right to restrict any unreasonable claim to a reasonable amount. GST shall be payable extra as per applicable rules.

ESSC-INCOIS में खेप की आपूर्ति

सीमा शुल्क निकासी के उपरांत खेप उसी दिन ESSC-INCOIS के भंडार में पहुँचाई जाएगी।

यदि कार्यालय समय समाप्त होने के बाद खेप पहुँचने की संभावना हो, तो सफल बोलीदाता पूर्व सूचना देगा ताकि परिसर खुला रखा जा सके।

वैकल्पिक रूप से, खेप को उसकी अभिरक्षा में रखा जा सकता है, बशर्ते कि उसे अग्नि, चोरी तथा अन्य जोखिमों के विरुद्ध पूर्णतः बीमित रखा जाए और ESSC-INCOIS को किसी भी संभावित हानि से सुरक्षित रखा जाए।

**Delivery of Consignment at ESSC-INCOIS**

The consignment shall be delivered to ESSC-INCOIS Stores on the same day after customs clearance.

If delivery is likely beyond office hours, prior intimation shall be given. Alternatively, the consignment may remain in the bidder's custody, duly insured against fire, theft and other risks until delivery.

4.10 सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी खेपें निःशुल्क भंडारण अवधि (Free Allowance Period) के भीतर मुक्त करा ली जाएँ ताकि डेमरेज शुल्क न लगे।

यदि सफल बोलीदाता की त्रुटि अथवा लापरवाही के कारण डेमरेज लगता है, तो वह राशि उसके निकासी बिल से काट ली जाएगी।

The successful bidder shall clear consignments within the free allowance period to avoid demurrage.

Any demurrage arising due to the fault or negligence of the successful bidder shall be recovered from his clearance bill.

4.11 सफल बोलीदाता हवाई अड्डे पर खेपों का भौतिक निरीक्षण कराएगा तथा सीमा शुल्क विभाग से आउट-पास (Out Pass) प्राप्त कर खेप की सुपुर्दगी सुनिश्चित करेगा।

The successful bidder shall arrange physical inspection of consignments at the airport and obtain customs out-pass for delivery.

4.12 **ESSC-INCOIS में खेपों का उतारना**

सफल बोलीदाता खेप की लोडिंग तथा ESSC-INCOIS के नामित वितरण स्थल तक उसके परिवहन की व्यवस्था करेगा।

200 किलोग्राम तक की खेपों के लिए उतारने (Unloading) की व्यवस्था ESSC - INCOIS द्वारा की जाएगी।

200 किलोग्राम से अधिक भार वाली खेपों के लिए उतारने की व्यवस्था सफल बोलीदाता करेगा, जिसकी लागत समर्थक वाउचरों के आधार पर वास्तविक व्यय के अनुसार प्रतिपूर्ति योग्य होगी।

**Unloading of Consignments at ESSC-INCOIS**

The successful bidder shall arrange loading and transportation of consignments to the designated delivery point.

For consignments up to 200 kilograms, unloading shall be arranged by ESSC-INCOIS. For consignments exceeding 200 kilograms, unloading shall be arranged by the bidder and reimbursed at actuals against supporting vouchers.

4.13 अनुबंध अवधि के दौरान विदेशी सहयोगियों द्वारा समेकन हेतु प्राप्त सभी खेपों को सफल बोलीदाता अथवा उसके विदेशी सहयोगियों द्वारा बिना किसी पूर्व शर्त के ESSC-INCOIS को सुपुर्द किया जाएगा।

सफल बोलीदाता के बिलों का भुगतान अनुबंध की शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

All consignments collected by overseas associates for consolidation during the contract period shall be handed over to ESSC-INCOIS without any pre-condition.

Bills shall be settled strictly in accordance with the terms of the contract.

4.14 विदेशी सहयोगी अपने-अपने देशों में लागू सभी वैधानिक प्रावधानों तथा निर्यात संबंधी नियमों का पूर्ण अनुपालन करेंगे।

The overseas associates shall comply with all statutory provisions and export regulations applicable in their respective countries of operation.

## 5. निर्यात (Exports)

5.1 वारंटी अवधि अथवा वारंटी उपरांत अवधि के दौरान मरम्मत (Repair) के लिए विदेश भेजे जाने वाले उपकरणों अथवा सामग्रियों के निर्यात के संबंध में देय शुल्कों का निर्धारण प्रत्येक मामले के आधार पर पृथक रूप से किया जाएगा। ऐसे मामलों में ESSC-INCOIS के अनुरोध पर सफल बोलीदाता द्वारा उपयुक्त दरें एवं शुल्क प्रस्तुत किए जाएंगे।

In respect of equipment or materials required to be exported for repairs during the warranty or post-warranty period and subsequently re-imported, the applicable charges shall be submitted on a case-to-case basis at the request of ESSC-INCOIS.

5.2 निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में प्रतिस्थापन (Replacement), अंशांकन (Calibration), विक्रय (Sale), विश्लेषण (Analysis) अथवा पुनः आयात (Re-import) के उद्देश्य से भेजे जाने वाले उपकरण अथवा सामग्री सम्मिलित हो सकते हैं।

Exports may involve equipment or materials being sent abroad for replacement, calibration, sale, analysis or subsequent re-import.

5.3 ऐसे सभी निर्यातों से संबंधित सीमा शुल्क एवं अन्य प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं का निष्पादन सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा।

सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि निर्यात से संबंधित सभी वैधानिक आवश्यकताओं, दस्तावेजों तथा अनुमतियों का समयबद्ध अनुपालन किया जाए।

All procedural formalities relating to such exports, including customs requirements and associated documentation, shall be completed by the successful bidder.

The successful bidder shall ensure timely compliance with all statutory requirements, documentation and approvals relating to export consignments.

5.4 सफल बोलीदाता निर्यात के लिए आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में ESSC-INCOIS को परामर्श देगा तथा आवश्यक दस्तावेज ESSC-INCOIS से प्राप्त करेगा।

वह ESSC-INCOIS परिसर से विधिवत पैक की गई खेप को उठाने तथा उसे प्राप्तकर्ता (Consignee) तक अग्रेषित करने हेतु परिवहन व्यवस्था करेगा। यह व्यवस्था आवश्यकता के अनुसार "Freight-to-Pay" अथवा "Pre-Paid Freight" आधार पर की जाएगी।

सफल बोलीदाता यह भी सुनिश्चित करेगा कि निर्यात संबंधी बिल ऑफ एंट्री/सीमा शुल्क दस्तावेजों पर आवश्यक समर्थन (Endorsement) प्राप्त किया जाए, जिससे भविष्य में वस्तुओं के पुनः आयात (Re-import) के समय किसी सीमा शुल्क देयता का सामना न करना पड़े।

The successful bidder shall advise ESSC-INCOIS regarding the documents required for export, collect the requisite documents and arrange transportation of the packed consignment from ESSC-INCOIS for onward dispatch to the consignee.

The shipment shall be arranged either on a freight-to-pay basis or on a pre-paid basis, as applicable.

The successful bidder shall also obtain the necessary endorsements on the export Bill of Entry and related customs documents so as to facilitate re-import of the goods without levy of customs duty.

## 6. पारगमन बीमा (Transit Insurance)

6.1 सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक खेप के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बीमा कंपनी से CIF/CIP मूल्य के 110 प्रतिशत के आधार पर पारगमन बीमा (Transit Insurance) कराया जाए।

यह बीमा पारगमन के दौरान उत्पन्न होने वाले सभी जोखिमों, जिनमें युद्ध (War), हड़ताल (Strike), दंगा (Riot), नागरिक अशांति (Civil Commotion) तथा अन्य संबद्ध जोखिम सम्मिलित हैं, को आच्छादित करेगा।

बीमा की वैधता खेप के ESSC-INCOIS में प्राप्त होने की तारीख से कम-से-कम 30 दिनों तक बनी रहेगी।

बीमा प्रीमियम को CIF मूल्य के 110 प्रतिशत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाएगा।

बीमा संरक्षण Institute Cargo Clause (Air) तथा Institute Cargo Clause "A" के अनुसार लिया जाएगा।

The successful bidder shall arrange transit insurance from a nationalized insurance company for an amount equivalent to 110% of the CIF/CIP value of the consignment.

The insurance shall cover all transit risks including war, strike, riot, civil commotion and other associated risks.

The insurance cover shall remain valid up to thirty (30) days after receipt of the consignment at ESSC-INCOIS.

The insurance premium shall be expressed as a percentage of 110% of the CIF value.

The insurance shall be obtained in accordance with Institute Cargo Clause (Air) and Institute Cargo Clause "A".

6.2 पारगमन बीमा के संबंध में किए गए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति ESSC-INCOIS द्वारा समर्थक वाउचरों तथा संबंधित बीमा पॉलिसियों की प्रतियाँ प्रस्तुत किए जाने पर की जाएगी।

The expenditure incurred towards transit insurance shall be reimbursed by ESSC-INCOIS at actuals against submission of supporting vouchers and copies of the relevant insurance policies.

6.3 आवश्यकता पड़ने पर निर्यात खेपों (Export Consignments) के लिए भी पारगमन बीमा की व्यवस्था सफल बोलीदाता द्वारा की जाएगी।

Wherever required, transit insurance shall also be arranged by the successful bidder for export consignments.

6.4 खेप के पारगमन के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की हानि, क्षति अथवा नुकसान की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी।

हालाँकि, इस उद्देश्य से आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी सफल बोलीदाता द्वारा की जाएगी तथा ESSC-INCOIS उन दस्तावेजों पर आयातक/प्राप्तकर्ता (Importer/Consignee) के रूप में हस्ताक्षर करेगा।

यदि बीमा दावा उत्पन्न होता है, तो सफल बोलीदाता संबंधित बीमा कंपनी के साथ उसका नियमित अनुवर्तन (Follow-up) करेगा तथा अंतिम निपटान (Final Settlement) तक आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

The successful bidder shall be responsible for ensuring recoupment of any loss or damage suffered by the consignment during transit.

All documents required for processing such claims shall be prepared by the successful bidder and signed by ESSC-INCOIS in its capacity as consignee/importer.

The successful bidder shall pursue all insurance claims with the concerned insurance company until their final settlement.

6.5 यदि कोई खेप बाह्य अथवा आंतरिक रूप से क्षतिग्रस्त अवस्था में प्राप्त होती है, तो उस स्थिति में वायु मालभाड़ा (Air Freight), सीमा शुल्क (Customs Duty), बीमा प्रीमियम (Insurance Premium), निकासी शुल्क (Clearance Charges), पिक-अप शुल्क (Pick-up Charges) अथवा अन्य संबंधित व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा।

ऐसे मामलों में भुगतान तभी जारी किया जाएगा जब बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हो जाए अथवा क्षति का समुचित निपटान हो जाए।

ESSC-INCOIS उस डेमरेज (Demurrage) का भुगतान नहीं करेगा जो सफल बोलीदाता अथवा उसके माल अग्रेषक (Freight Forwarder) की त्रुटि, लापरवाही या विलंब के कारण उत्पन्न हुआ हो।

यदि शीघ्र नष्ट होने वाली (Perishable) किसी खेप को सीमा शुल्क निकासी के दौरान पर्याप्त ड्राई आइस (Dry Ice) उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्षति पहुँचती है, तो उसके लिए सफल बोलीदाता उत्तरदायी होगा।

पुनः पैकिंग (Repacking) के लिए आवश्यक ड्राई आइस की लागत, समर्थक वाउचरों के आधार पर वास्तविक व्यय के अनुसार प्रतिपूर्ति योग्य होगी।

No payment towards air freight, customs duty, insurance premium, clearance charges, pick-up charges or other related expenses shall be made if the consignment is received in a damaged condition, whether externally or internally.

Payment shall be released only after recovery of the loss from the insurance company or settlement of the claim.

ESSC-INCOIS shall not bear any demurrage charges arising from delays attributable to the successful bidder or its freight forwarder.

In the case of perishable consignments, any damage resulting from insufficient dry ice during customs clearance shall be the responsibility of the successful bidder.

The cost of dry ice required for repacking, wherever necessary, shall be reimbursed at actuals against supporting vouchers.

6.6 उच्च मूल्य (High Value) अथवा अत्याधुनिक/परिष्कृत उपकरणों (Sophisticated Equipment) की खेपों के संबंध में ESSC-INCOIS उनकी स्थापना (Installation) तक भंडारण बीमा (Storage Insurance) संरक्षण प्राप्त करना पसंद करता है।

ऐसी स्थिति में ESSC-INCOIS द्वारा विशेष रूप से सूचित किए जाने पर सफल बोलीदाता संबंधित उपकरणों के लिए उपयुक्त भंडारण बीमा की व्यवस्था करेगा।

For consignments comprising high-value or sophisticated equipment, ESSC-INCOIS prefers that storage insurance coverage be maintained until installation at the designated location.

Accordingly, whenever specifically required by ESSC-INCOIS, the successful bidder shall arrange suitable storage insurance coverage for such equipment.

## 7. मूल्य अनुसूची PRICE SCHEDULE

7.1 मूल्य अनुसूची (Price Schedule) का प्रारूप GeM पोर्टल पर अपलोड किया गया है। सभी बोलीदाताओं को अपने वित्तीय प्रस्ताव उसी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने होंगे।

बोलीदाता यह सुनिश्चित करेंगे कि मूल्य संबंधी सभी विवरण, छूट (Discount), मालभाड़ा दरें (Freight Rates) तथा अन्य लागू शुल्क निविदा दस्तावेज की शर्तों एवं GeM पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार ही अंकित किए जाएँ।

निर्धारित प्रारूप से भिन्न रूप में प्रस्तुत मूल्य प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

The Price Schedule is enclosed with this bid document. All bidders shall submit their financial bids strictly as per the Price Schedule only.

The bidders shall ensure that all price-related particulars, discounts, freight rates and other applicable charges are furnished in accordance with the tender conditions and the format available with this bid.

Price bids submitted in any format other than the prescribed format shall not be considered.

7.2 मूल्य अनुसूची में अंकित दरें स्पष्ट, पूर्ण तथा त्रुटिरहित होनी चाहिए। सभी वित्तीय दायित्वों, देय शुल्कों तथा प्रस्तावित छूटों का समुचित विवरण बोलीदाता द्वारा प्रदान किया जाएगा ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अस्पष्टता न रहे।

The rates quoted in the Price Schedule shall be clear, complete and free from ambiguity. The bidder shall furnish full details of all financial commitments, applicable charges and discounts to facilitate proper evaluation of the bid.

7.3 जहाँ कहीं लागू हो, बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत छूट (Discount) IATA दरों के संदर्भ में स्पष्ट रूप से प्रतिशत (%) के रूप में प्रदर्शित की जाएगी तथा उसका प्रयोग सभी देशों एवं सभी भार श्रेणियों (Weight Slabs) पर समान रूप से होगा।

Wherever applicable, the discount offered by the bidder against IATA rates shall be clearly indicated in percentage (%) terms and shall be uniformly applicable across all countries and weight slabs.

7.4 मूल्य अनुसूची में उद्धृत दरें निविदा दस्तावेज की शर्तों, लागू करों, वैधानिक अधिभारों तथा अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप होंगी।

The rates quoted in the Price Schedule shall be subject to the provisions of the tender document, applicable taxes, statutory levies and other relevant conditions.

### टिप्पणी / Note

मूल निविदा दस्तावेज में इस अनुभाग के अंतर्गत केवल यह उल्लेख किया गया है कि मूल्य अनुसूची GeM पोर्टल पर अपलोड की गई है। अतः विस्तृत वित्तीय विवरण, दरें एवं प्रपत्र GeM पोर्टल पर उपलब्ध मूल मूल्य अनुसूची के अनुसार लागू होंगे।

The original tender document merely states that the Price Schedule has been uploaded on the GeM Portal. Accordingly, the detailed financial formats, rates and schedules shall be governed by the Price Schedule available on the GeM Portal.

## 8. बोली मूल्यांकन मानदंड/ BID EVALUATION CRITERIA

**8.1 केवल उन बोलीदाताओं की मूल्य बोलियाँ (Price Bids) खोली जाएँगी जो तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किए गए हों तथा जिन्होंने पात्रता मानदंडों की धारा 2.1 से 2.15 तक वर्णित सभी आवश्यकताओं का पूर्णतः अनुपालन किया हो।**

तकनीकी रूप से पात्र पाए गए बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन निविदा दस्तावेज में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

**अनुबंध उस उत्तरदायी (Responsive) तथा न्यूनतम मूल्यांकित (Lowest Evaluated) बोलीदाता को प्रदान किया जाएगा, जो IATA दरों पर अधिकतम छूट (Maximum Discount) प्रदान करता हो।**

अन्य शब्दों में, वह बोलीदाता जिसकी प्रभावी IATA दरें छूट लागू होने के पश्चात सबसे कम होंगी, सफल बोलीदाता माना जाएगा और अनुबंध प्रदान किए जाने हेतु पात्र होगा।

**The Price Bids of those bidders who are found technically qualified and who fully satisfy the eligibility criteria stipulated under Clauses 2.1 to 2.15 shall ONLY be opened.**

The financial bids of technically qualified bidders shall be evaluated in accordance with the provisions of the tender document.

**The contract shall be awarded to the Lowest Evaluated Responsive Bidder who offers the maximum discount on the applicable IATA rates.**

In other words, the bidder whose effective IATA rates, after applying the offered discount, are the lowest shall be considered the successful bidder and shall be eligible for award of the contract.

### स्पष्टीकरण

इस निविदा में मूल्यांकन का आधार केवल उद्धृत मालभाड़ा दरें नहीं हैं, बल्कि IATA द्वारा निर्धारित मानक दरों पर दी गई छूट का प्रतिशत है। अतः अधिकतम छूट की पेशकश करने वाला तथा अन्य सभी शर्तों को पूरा करने वाला बोलीदाता मूल्यांकन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेगा।

**Clarification**

In this tender, evaluation is based not merely on the freight rates quoted, but primarily on the percentage discount offered on the standard IATA rates. Accordingly, the bidder offering the highest discount, while meeting all technical and contractual requirements, shall rank highest in the financial evaluation.

### मूल्यांकन का सिद्धांत

1. पहले तकनीकी बोली का परीक्षण किया जाएगा।
2. केवल तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियाँ खोली जाएँगी।
3. IATA दरों पर प्रस्तावित छूट का तुलनात्मक मूल्यांकन किया जाएगा।
4. सर्वाधिक छूट तथा न्यूनतम प्रभावी IATA दर प्रस्तुत करने वाले उत्तरदायी बोलीदाता को अनुबंध प्रदान किया जाएगा।

**Evaluation Methodology**

1. Technical Bids shall be evaluated first.
2. Only technically qualified bidders shall be considered for financial evaluation.
3. The discounts offered on IATA rates shall be comparatively evaluated.
4. The responsive bidder offering the highest discount and consequently the lowest effective IATA rates shall be selected for award of the contract.

# सामान्य निर्देश, नियम एवं शर्तें/

# 9 GENERAL CONDITIONS OF CONTRACT

**9.1 मालभाड़ा शुल्क (Payment of Freight Charges)**

सभी माल अग्रेषकों (Forwarders) द्वारा मालभाड़ा शुल्क अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर ही लिया जाएगा। छूट (Discount) की पेशकश करते समय संबंधित आयात देश में प्रचलित नवीनतम IATA दरों को आधार माना जाएगा। मूल्य बोली के साथ उस IATA दर सूची की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा जिसके आधार पर छूट की गणना की गई है।

किसी भी परिस्थिति में वसूल की जाने वाली दरें नवीनतम IATA TACT Book में निर्दिष्ट दरों से अधिक नहीं होंगी। सफल बोलीदाता को इस आशय का एक वचन (Undertaking) अपने लेटरहेड पर प्रस्तुत करना होगा।

खेपों को उपलब्ध प्रथम एयरलाइन कंसोल (First Available Console) द्वारा राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद भेजा जाना चाहिए।

**Payment of Freight Charges**

All forwarders shall charge freight strictly on the basis of IATA rates. The latest IATA rates applicable in the country of import shall be taken as the reference while offering discounts. A copy of the IATA rates adopted for offering the discount shall be enclosed with the Price Bid.

Under no circumstances shall the rates charged exceed those specified in the latest edition of the IATA TACT Book. The successful bidder shall furnish an undertaking to this effect on its letterhead.

The consignment shall be shipped through the first available airline console to Rajiv Gandhi International Airport, Hyderabad.

9.2सफल बोलीदाता अपने विदेशी सहयोगियों (Overseas Associates) का पूर्ण विवरण ESSC-INCOIS को उपलब्ध कराएगा। यदि भविष्य में सहयोगी संस्था अथवा एजेंसी में कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना समस्त विवरणों सहित तत्काल ESSC-INCOIS को दी जाएगी।

The successful bidder shall furnish complete details of its overseas associates at gateway international airports. Any change in such associates shall be communicated immediately to ESSC-INCOIS with full particulars.

9.3बोलीदाता को मूल्य अनुसूची में IATA दरों पर एक समान एवं निश्चित प्रतिशत छूट (Flat Percentage Discount) का प्रस्ताव देना होगा। यह छूट सभी देशों तथा सभी भार श्रेणियों (Weight Slabs) पर समान रूप से लागू होगी।

बोलियों का मूल्यांकन विभिन्न देशों की व्यक्तिगत दरों के आधार पर नहीं, बल्कि प्रस्तावित छूट के प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा।

शर्तयुक्त छूट अथवा निर्धारित प्रारूप से भिन्न प्रारूप में प्रस्तुत प्रस्ताव सीधे अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

The bidder shall offer a fixed standard percentage discount on IATA rates applicable uniformly across all countries and weight slabs.

Evaluation shall be based on the percentage of discount offered and not on individual freight rates applicable to different countries.

Conditional discounts or bids submitted in formats other than the prescribed format shall be rejected.

9.4 अन्य शुल्कों का भुगतान (Payment of Other Charges)

वायु अथवा समुद्री मालभाड़े पर लागू सभी वैधानिक शुल्क वास्तविक व्यय (Actuals) के आधार पर समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रतिपूर्ति योग्य होंगे।

इनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं—

1. IAAI शुल्क
2. ईंधन अधिभार (Fuel Surcharge)
3. सुरक्षा अधिभार (Security Surcharge)
4. बंदरगाह शुल्क (Port Charges)
5. विदेशी अंतर्देशीय हैंडलिंग, अग्रेषण एवं पिक-अप शुल्क (जहाँ लागू हो)

उक्त शुल्कों के समर्थन में संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जारी अधिसूचनाएँ अथवा परिपत्र प्रस्तुत किए जाने होंगे।

यदि IATA दरों अथवा उपर्युक्त शुल्कों में संशोधन होता है, तो उसका प्रभाव उसी अनुपात में लागू होगा तथा उसका दस्तावेजी प्रमाण ESSC-INCOIS को उपलब्ध कराया जाएगा।

**Payment of Other Charges**

All statutory charges on air freight or sea freight shall be reimbursed at actuals against supporting vouchers.

These include IAAI Charges, Fuel Surcharge, Security Surcharge, Port Charges and Foreign Inland Handling/Forwarding Charges, wherever applicable.

Any revision in IATA rates or statutory charges shall be supported by documentary evidence and shall be applied proportionately.

9.5 सफल बोलीदाता के पास भारत तथा निर्यातक देश में भंडारण (Warehousing), बीमा, पिक-अप तथा वितरण (Delivery) की अपनी व्यवस्था होनी चाहिए। भारत में उपलब्ध इन सुविधाओं का विस्तृत विवरण मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

The successful bidder shall have its own arrangements for warehousing, insurance, pickup and delivery both in India and in the exporting country. Details of such facilities shall be furnished for evaluation purposes.

9.6वायु/समुद्री मालभाड़ा, पिक-अप शुल्क तथा अन्य स्वीकृत व्ययों का भुगतान भारतीय रुपये में किया जाएगा। विनिमय दर वही मानी जाएगी जो बिल ऑफ एंट्री दाखिल करने की तारीख पर सीमा शुल्क मूल्यांकन हेतु लागू हो।

Admissible expenses towards air freight, sea freight, pickup charges and related charges shall be paid in Indian Rupees based on the exchange rate adopted for customs duty assessment on the date of filing of the Bill of Entry.

### 9.7 समेकन (Consolidation) के अंतर्गत न आने वाली खेपों का मालभाड़ा

समेकन (Consolidation) के अंतर्गत न आने वाली वस्तुओं के मालभाड़े से संबंधित नियम एवं शर्तें तकनीकी बोली में पृथक रूप से स्पष्ट की जाएँगी। ऐसी खेपों पर लागू दरों का विवरण मूल्य अनुसूची प्रपत्र (Price Schedule Form) में अलग से दर्शाया जाएगा।

**Terms & Conditions Governing Freight for Non-Consolidation Consignments**

The terms and conditions governing the freight for consignments not covered under consolidation shall be indicated separately in the Technical Bid. The applicable rates shall also be specified separately in the Price Schedule Form.

### 9.8 निष्पादन बैंक गारंटी (Performance Bank Guarantee – PBG) प्रस्तुत करना

सफल बोलीदाता को ₹10,00,000/- (केवल दस लाख रुपये) की निष्पादन बैंक गारंटी निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से प्रस्तुत करनी होगी:

(क) डिमांड ड्राफ्ट
(ख) इंश्योरेंस ड्राफ्ट
(ग) ई-बैंक गारंटी
(घ) निदेशक, INCOIS, हैदराबाद के पक्ष में 2 वर्ष की अनुबंध अवधि से 60 दिन अधिक वैधता वाली सावधि जमा रसीद (Fixed Deposit Receipt)
(ङ) निम्नलिखित बैंक विवरण के अनुसार NEFT/RTGS के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान

सफल बोलीदाता को अनुबंध प्रदान किए जाने की तारीख से 15 कार्य दिवसों के भीतर मूल डिमांड ड्राफ्ट अथवा अन्य वित्तीय साधन, यदि कोई हों, INCOIS को उपलब्ध कराने होंगे। ऐसा न करने पर बोली को अपूर्ण माना जा सकता है तथा बिना किसी अतिरिक्त सूचना के अस्वीकृत किया जा सकता है।

निष्पादन गारंटी निम्न परिस्थितियों में जब्त/भुनाई जा सकेगी—

1. अनुबंध की वैधता अवधि के दौरान अनुबंध का निष्पादन न किया जाना।
2. सफल बोलीदाता द्वारा प्रदान की गई सेवाएँ असंतोषजनक पाए जाने अथवा निविदा की शर्तों का पालन न किए जाने की स्थिति।
3. अनुबंध अवधि के दौरान सफल बोलीदाता द्वारा एकतरफा निर्णय अथवा संशोधन किया जाना।

**Submission of Performance Bank Guarantee (PBG)**

The successful bidder shall furnish a Performance Bank Guarantee of ₹10,00,000/- (Rupees Ten Lakhs only) through any one of the following options.

Performance Security in favour of Director, INCOIS has to be submitted as per the following form/ options:

a) Demand Draft

b) Insurance Bond

c) e-Bank Guarantee valid for 60 days beyond the contract period.

d) Fixed Deposit Receipt in favour of Director, INCOIS payable at Hyderabad

e) Online payment through NEFT/RTGS as per Bank details given below:

Name of the Bank: SBI, HAL Campus

Branch: HAL Campus

Account Name: Director, INCOIS

Account No.10442322840

IFSC Code: SBIN0001676

The scanned copy of the same is to be uploaded in GeM Portal while submitting the tender. Bank Guarantee should be sent by the issuing banker directly to the office of INCOIS, Hyderabad.

The original DDs / Financial instruments if any should reach Director, INCOIS within fifteen (15) days after award of contract on GeM. The payment to the seller shall become due only after receipt of performance security by the buyer and verifications of its genuineness.

The original financial instruments shall reach INCOIS within fifteen (15) working days from the date of award of contract. Failure to do so may render the bid incomplete and liable for rejection.

The Performance Guarantee shall be liable for invocation in the event of non-performance of contract, unsatisfactory services, violation of tender conditions, or unilateral revision of terms by the successful bidder.

### 9.9 CIF/CIP खेपों के संबंध में भुगतान

CIF/CIP आधार पर आने वाली खेपों के लिए, जब वे समेकन व्यवस्था के अंतर्गत न हों, केवल डिलीवरी ऑर्डर (D.O.) शुल्क, नियत बिल ऑफ एंट्री शुल्क तथा वैधानिक कर एवं अधिभारों का भुगतान ESSC-INCOIS द्वारा किया जाएगा।

यदि आवश्यक हो तो हैदराबाद हवाई अड्डे से ESSC-INCOIS भंडार तक परिवहन व्यय वास्तविक व्यय के आधार पर, समर्थक दस्तावेजों के प्रस्तुत किए जाने पर, देय होगा। वस्तु एवं सेवा कर (GST) अतिरिक्त देय होगा।

स्वयं के समेकन (Own Console) के अंतर्गत आने वाली खेपों पर D.O. शुल्क देय नहीं होगा।

**Payment of Charges for CIF/CIP Shipments**

For CIF/CIP shipments, ESSC-INCOIS shall pay only D.O. charges (where not under consolidation), fixed Bill of Entry charges and statutory levies. Transportation charges from Hyderabad Airport to ESSC-INCOIS stores, wherever applicable, shall be reimbursed on actual basis against supporting vouchers. GST shall be payable extra.

### 9.10 बैंक रिलीज ऑर्डर (BRO)

अपरिवर्तनीय ऋण-पत्र (Irrevocable Letter of Credit) के विरुद्ध आने वाली खेपों के लिए बैंक रिलीज ऑर्डर (BRO) बैंक से प्राप्त होने के उपरांत ही उपलब्ध कराया जाएगा। तथापि, सीमा शुल्क निकासी की प्रक्रिया BRO की प्रतीक्षा किए बिना प्रारंभ कर दी जानी चाहिए।

सीमा शुल्क निकासी पूर्ण होने के सात कार्य दिवसों के भीतर समेकन एवं निकासी शुल्कों का बिल तथा बिल ऑफ एंट्री की प्रति ESSC-INCOIS को प्रेषित की जानी चाहिए।

**Bank Release Order (BRO)**

The Bank Release Order shall be delivered only after its receipt from the bank. However, customs clearance shall be initiated without waiting for the BRO. Invoices along with copies of the Bill of Entry shall be submitted to ESSC-INCOIS within seven working days of customs clearance.

### 9.11 विवाद की स्थिति में खेप को न रोका जाना

किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में खेप को रोका नहीं जाएगा। सफल बोलीदाता द्वारा तत्काल सीमा शुल्क निकासी कर खेप ESSC-INCOIS को सौंप दी जाएगी तथा विवाद का निपटारा बाद में किया जाएगा।

**Consignment Not to be Withheld in Case of Dispute**

In the event of any dispute, the consignment shall not be withheld and must be cleared immediately and delivered to ESSC-INCOIS pending settlement of the dispute.

### 9.12 फिडेलिटी बॉण्ड प्रस्तुत करना

चूँकि सफल बोलीदाता को अत्यंत मूल्यवान एवं परिष्कृत उपकरणों/सामग्रियों की खेपों का प्रबंधन करना होगा, अतः उसे अनुबंध की तारीख  से 38 माह की अवधि हेतु ₹25,00,000/- (रुपये पच्चीस लाख मात्र) का फिडेलिटी बॉण्ड निदेशक, ESSC-INCOIS के पक्ष में प्रस्तुत करना होगा। यह बॉण्ड सफल बोलीदाता के किसी कृत्य, त्रुटि, चूक अथवा लापरवाही से ESSC-INCOIS को होने वाली संभावित हानि के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करने हेतु होगा।

**Submission of Fidelity Bond**

The successful bidder shall furnish a Fidelity Bond for ₹25.00 Lakhs in favour of the Director, ESSC-INCOIS, valid for 38 months from the date of contract, to safeguard the interests of ESSC-INCOIS against any loss arising due to acts of omission or commission on the part of the bidder.

### 9.13 सीमा शुल्क निकासी के उपरांत खेप की आपूर्ति संबंधी आश्वासन/Undertaking for Delivery of Customs-Cleared Consignments

सफल बोलीदाता यह लिखित आश्वासन देगा कि ESSC-INCOIS की किसी भी खेप को सीमा शुल्क निकासी से पूर्व अथवा पश्चात किसी भी परिस्थिति में रोका या अवरुद्ध नहीं किया जाएगा।

The successful bidder shall furnish an undertaking that no consignment belonging to ESSC-INCOIS shall be detained or withheld under any circumstances either before or after customs clearance.

### 9.14 दस्तावेजों का संकलन एवं उत्तरदायित्व

सीमा शुल्क निकासी हेतु आवश्यक सभी दस्तावेज सफल बोलीदाता द्वारा ESSC-INCOIS से प्राप्त किए जाएँगे। यदि निर्धारित निःशुल्क अवधि के भीतर सीमा शुल्क निकासी नहीं हो पाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी।

उसकी लापरवाही के कारण देय होने वाले डेमरेज शुल्कों का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार, बिल ऑफ एंट्री दाखिल करने अथवा खेप की समय पर निकासी न करने से संस्थान को हुई किसी भी वित्तीय हानि की भरपाई सफल बोलीदाता द्वारा की जाएगी।

आवश्यकता पड़ने पर सफल बोलीदाता को ESSC-INCOIS की ओर से प्रेषण देश, प्रेषण बंदरगाह अथवा आपूर्तिकर्ता परिसर में सामग्री का निरीक्षण कराना अथवा उसकी व्यवस्था करना होगी।

सीमा शुल्क से मुक्त कराई गई खेप की सुरक्षित अभिरक्षा उसकी ESSC-INCOIS को सुपुर्दगी तक सफल बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी।

**Collection of Documents and Responsibility**

The successful bidder shall collect all documents required for customs clearance from ESSC-INCOIS and shall be responsible for delays, demurrage, losses, and damages arising from negligence. Safe custody of the consignment shall remain the responsibility of the bidder until delivery to ESSC-INCOIS.

**9.16 दण्ड प्रावधान (Penalty Clause)**

ESSC-INCOIS को यह अधिकार होगा कि वह समेकन, वायु अथवा समुद्री परिवहन तथा खेप की आपूर्ति में विलंब होने पर FCA/FOB मूल्य (INCOTERMS-2000) का प्रति सप्ताह 0.5 प्रतिशत दण्ड अधिरोपित करे।

अधिकतम दण्ड FCA/FOB मूल्य का 2 प्रतिशत होगा। विलंब की गणना उस तारीख से 30 दिन पश्चात की जाएगी जिस दिन आपूर्तिकर्ता द्वारा खेप की शिपमेंट हेतु तत्परता की सूचना दी गई हो।

ESSC-INCOIS reserves the right to impose a penalty at the rate of 0.5% per week of the FCA/FOB value, subject to a maximum of 2%, for delays in consolidation, shipment, and delivery of consignments.

9.21 विवाद निपटान एवं मध्यस्थता (विशेष उल्लेख)

ESSC-INCOIS तथा सफल बोलीदाता किसी भी विवाद का समाधान पहले आपसी चर्चा एवं सौहार्दपूर्ण वार्ता द्वारा करने का प्रयास करेंगे।

यदि 21 दिनों के भीतर विवाद का समाधान नहीं होता है, तो किसी भी पक्ष द्वारा मध्यस्थता प्रारंभ करने का नोटिस दिया जा सकता है।

मध्यस्थता की कार्यवाही भारतीय मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार संचालित होगी। मध्यस्थ द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम, बाध्यकारी तथा सभी पक्षों पर लागू होगा।

**Dispute Resolution and Arbitration**

ESSC-INCOIS and the successful bidder shall endeavor to resolve disputes amicably through mutual discussions.

If the dispute remains unresolved for twenty-one days, either party may initiate arbitration by issuing notice.

The arbitration proceedings shall be governed by the Arbitration and Conciliation Act, 1996 and the rules framed thereunder. The arbitral award shall be final and binding upon all parties.

9.22 निविदा दस्तावेज में प्रयुक्त सभी INCOTERMS का वही अर्थ होगा जो ICC, पेरिस द्वारा प्रकाशित INCOTERMS-2020 में निर्दिष्ट है।

All INCOTERMS used in the bidding document shall have the meanings assigned to them under INCOTERMS-2020 issued by the International Chamber of Commerce (ICC), Paris.

9.23 अनुबंध के निष्पादन के दौरान सफल बोलीदाता किसी भी प्रकार की कपटपूर्ण (Fraudulent), भ्रष्ट (Corrupt), अनैतिक (Unethical) अथवा दबावपूर्ण (Coercive) गतिविधि में संलग्न नहीं होगा और न ही ऐसे किसी व्यवहार से स्वयं को संबद्ध करेगा।

While performing its obligations under the contract, the successful bidder shall not engage in or associate itself with any fraudulent, corrupt, unethical or coercive practices.

## 10. तकनीकी बोली में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए (धारा 10.1 से 10.15 तक) ।

The Technical Bid shall contain the following documents (Clauses 10.1 to 10.15).

10.1 बोलीदाता के लेटरहेड पर विधिवत हस्ताक्षरित एवं मोहरयुक्त अग्रेषण-पत्र (Forwarding Letter), जो नियंत्रक (भंडार एवं क्रय), ESSC-INCOIS के नाम संबोधित हो। इसमें हैदराबाद स्थित स्थानीय कार्यालय का पता, अधिकृत प्रतिनिधि का नाम एवं संपर्क संख्या तथा हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु एवं नई दिल्ली स्थित कार्यालयों का विवरण भी सम्मिलित होना चाहिए।अग्रेषण-पत्र में बोली की वैधता अवधि तथा TIN एवं PAN संख्या का भी उल्लेख किया जाना चाहिए।

A Forwarding Letter on the bidder's letterhead, duly signed and stamped by the authorized signatory and addressed to the Controller of Stores & Purchase, ESSC-INCOIS.

The letter shall indicate the address of the local office, the name and contact number of the authorized representative at Hyderabad, together with similar details of offices located at Hyderabad, Mumbai, Chennai, Kolkata, Bengaluru and New Delhi.

The validity of the bid, TIN and PAN numbers shall also be indicated therein.

10.2 हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, कोलकाता एवं नई दिल्ली में सीमा शुल्क विभाग के साथ पंजीकृत, बोलीदाता के स्वयं के नाम से जारी वैध सीमा शुल्क अभिकर्ता (CHA) लाइसेंस की प्रति, जो तकनीकी बोली खोले जाने की तारीख पर वैध हो।

Copy of Customs Authorized Clearing House Agent (CHA) Licence in the bidder's own name, registered with Customs at Hyderabad, Chennai, Mumbai, Kolkata and New Delhi and valid on the date of opening of the Technical Bid.

10.3 पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी IATA सदस्यता प्रमाण-पत्र तथा MTO (Multi Modal Transport Operator) पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रतियाँ।

Copy of IATA Membership Certificate and MTO (Multi Modal Transport Operator) Registration Certificate issued by the Ministry of Shipping, Road Transport and Highways.

10.4 ISO 9001:2000 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन (Quality Management System Certification) की प्रति।

Copy of ISO 9001:2000 Quality Management System Certification.

10.5 वस्तु एवं सेवा कर (GST) पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति।

Copy of Goods and Services Tax (GST) Registration Certificate.

10.6 पिछले तीन वर्षों (2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) के दौरान समान प्रकृति की सेवाएँ प्राप्त करने वाले कम-से-कम दो ग्राहकों की सूची, जिसमें उनके पूर्ण पते, ई-मेल पते एवं दूरभाष संख्या सम्मिलित हों।

यह सेवाएँ किसी सरकारी विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के संस्थान, CSIR प्रयोगशाला, सार्वजनिक वित्तपोषित स्वायत्त निकाय अथवा अस्पताल को प्रदान की गई हों तथा उनके द्वारा जारी संतोषजनक कार्य निष्पादन प्रमाण-पत्र (Performance Certificate) भी संलग्न हों।

List of at least two customers, along with their complete addresses, e-mail IDs and telephone numbers, to whom similar services were rendered during 2023-24, 2024-25 and 2025-26.

The list shall be supported by satisfactory performance certificates issued by Government Departments, MoES Institutes, CSIR Laboratories, Public Funded Autonomous Bodies or Hospitals.

10.7 ₹1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) की बोली जमानत राशि (EMD/Bid Security), जैसा कि धारा 2.7 में निर्दिष्ट है।

Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security of ₹1,00,000/- (Rupees One Lakh only), as specified in Clause 2.7.

10.8 बोलीदाता के लेटरहेड पर जारी अनुपालन विवरण (Compliance Statement) अथवा उपक्रम (Undertaking), जिसमें इस ITB में वर्णित सभी नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करने की पुष्टि की गई हो (अनुलग्नक-'B' के अनुसार)।

Compliance Statement/Undertaking on the bidder's letterhead confirming acceptance of all terms and conditions contained in the ITB (as per Annexure-B).

10.9 बोलीदाता के नाम से जारी समेकन (Consolidation) लाइसेंस/प्रमाण-पत्र की प्रति।

Copy of Consolidation License/Certificate in the name of the bidder.

10.10 वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 की लेखा-परीक्षित बैलेंस शीट, जो किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित हो तथा जिससे यह सिद्ध हो कि बोलीदाता का न्यूनतम वार्षिक कारोबार ₹25.00 करोड़ प्रति वर्ष रहा है।

इसके अतिरिक्त बैंकर्स द्वारा जारी साख-प्रमाण-पत्र (Credit Worthiness Certificate) भी संलग्न किया जाना चाहिए।

Audited Balance Sheets of the bidder for the years 2023-24, 2024-25 and 2025-26, duly certified by a Chartered Accountant, evidencing a minimum annual turnover of ₹25.00 Crores per year.

A Credit Worthiness Certificate issued by the bidder's bankers shall also be enclosed.

10.11 विभिन्न देशों में स्थित सभी गेटवे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर कार्यरत सहयोगियों (Associates) के नाम, पते, संपर्क संख्या, ई-मेल पते एवं दूरभाष संख्या का विवरण।

Names, addresses, contact numbers, e-mail IDs and telephone numbers of all associates located at various Gateway International Airports in different countries.

10.12 ऐसी शीघ्र नष्ट होने वाली (Perishable), अतिविशाल (ODC), खतरनाक (Dangerous), जोखिमयुक्त (Hazardous) तथा रेडियोधर्मी (Radioactive) खेपों के मालभाड़े से संबंधित नियम एवं शर्तें, जो समेकन व्यवस्था के अंतर्गत नहीं आती हों, तथा निर्यात खेपों के लिए लागू शर्तें।

Terms and conditions governing freight applicable to Perishable, ODC, Dangerous, Hazardous and Radioactive consignments not covered under consolidation arrangements, as well as export consignments.

10.13 मूल्य बोली (Price Bid/BOQ) निविदा की शर्तों के अनुरूप ही प्रस्तुत की जानी चाहिए।

The Price Bid/BOQ shall be submitted strictly in accordance with the tender conditions.

10.14 समेकन के अंतर्गत आने वाली खेपों हेतु विधिवत भरी हुई मूल्य अनुसूची (Price Schedule), साथ ही छूट (Discount) प्रदान करने के उद्देश्य से अपनाई गई नवीनतम IATA दरों की प्रति।

Duly completed Price Schedule for consignments covered under consolidation, together with a copy of the latest IATA rate schedule adopted for offering the discount.

10.15 समेकन व्यवस्था के अंतर्गत न आने वाली खेपों तथा निर्यात खेपों के लिए लागू वायु मालभाड़ा (Air Freight) की लागत का विवरण।

Details of Air Freight charges applicable to consignments not covered under consolidation and to export consignments.

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**Authorized Signatory**

**ESSC-INCOIS, Hyderabad**

संलग्नक

**Enclosures**

1. अपलोड की गई BOQ
   BOQ as uploaded

2. बोलीदाता का उपक्रम (अनुलग्नक "A")
   Bidder's Undertaking (Annexure "A")

3. EMD का प्रारूप (अनुलग्नक "B")
   Format of EMD (Annexure "B")

4. Ex-Works खेपों हेतु विदेशी अंतर्देशीय हैंडलिंग, अग्रेषण एवं पिक-अप शुल्कों का विवरण (अनुलग्नक "C")
   Charges payable for Ex-Works consignments towards foreign inland handling, forwarding and pick-up charges (Annexure "C")

अनुलग्नक ANNEXURE– 'A'

बोलीदाता की वचनबद्धता

BIDDER'S UNDERTAKING

मैं/हम, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, यह घोषित एवं प्रमाणित करते हैं कि हमने ESSC-INCOIS द्वारा जारी निविदा दस्तावेज में वर्णित सभी नियमों, शर्तों, विनिर्देशों तथा आवश्यकताओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और उन्हें पूर्णतः समझ लिया है। हम निम्नलिखित वचन प्रदान करते हैं—

I/We, the undersigned, hereby declare and certify that we have carefully read, understood and accepted all the terms, conditions, specifications and requirements contained in the Tender Document issued by ESSC-INCOIS and undertake as follows:

1. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ESSC-INCOIS की सभी आयातित एवं निर्यातित खेपों का समुचित समेकन, परिवहन, सीमा शुल्क निकासी तथा समयबद्ध वितरण कियाजाएगा।

We shall ensure proper consolidation, transportation, customs clearance and timely delivery of all import and export consignments belonging to ESSC-INCOIS.

2. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी खेपों का प्रेषण एवं निकासी लागू कानूनों, सीमा शुल्क नियमों तथा वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कीजाएगी।

We shall ensure that all consignments are shipped and cleared in accordance with applicable laws, customs regulations and statutory requirements.

3. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बिल ऑफ एंट्री (Bill of Entry) में प्रयुक्त वस्तु-विवरण (Nomenclature), एच.एस. वर्गीकरण (HS Classification) तथा सीमा शुल्क अधिसूचनाओं का संदर्भ पूर्णतः सही होगा।

We shall ensure that the nomenclature, HS Classification and references to Customs Notifications used in the Bill of Entry are accurate and appropriate.

4. हम ESSC-INCOIS को उपलब्ध सभी सीमा शुल्क रियायतों, शुल्क छूटों तथा अधिसूचनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

We shall take all necessary steps to ensure that ESSC-INCOIS receives the benefit of all applicable customs exemptions, concessions and notifications.

5.हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ESSC-INCOIS की किसी भी खेप को किसी भी परिस्थिति में रोका, विलंबित अथवा अवरुद्ध नहीं किया जाएगा।

We undertake that no consignment belonging to ESSC-INCOIS shall be detained, withheld or delayed under any circumstances.

6.हम सभी खेपों के लिए आवश्यक होने पर उपयुक्त पारगमन बीमा (Transit Insurance) तथा अन्य बीमा संरक्षण की व्यवस्था करेंगे।

We shall arrange suitable transit insurance and other insurance coverage wherever required.

7.हम यह सुनिश्चित करेंगे कि खेपों की सुरक्षा, अभिरक्षा तथा उचित हैंडलिंग में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

We shall ensure proper safety, custody and handling of consignments at all stages.

8.यदि हमारी लापरवाही, त्रुटि, चूक अथवा अनुचित कार्रवाई के कारण ESSC-INCOIS को किसी प्रकार की वित्तीय हानि होती है, तो उसकी भरपाई हम करेंगे।

We shall compensate ESSC-INCOIS for any financial loss arising out of our negligence, omission, error or improper action.

9.हम आवश्यक होने पर सीमा शुल्क विभाग, एयरलाइन, पोर्ट प्राधिकरण, डाक विभाग, कूरियर एजेंसियों अथवा अन्य संबद्ध संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

We shall coordinate with Customs Authorities, Airlines, Port Authorities, Postal Authorities, Courier Agencies and other concerned organizations whenever required.

10.हम सभी दावों (Claims), बीमा मामलों तथा क्षतिपूर्ति संबंधी प्रक्रियाओं का अनुवर्तन करेंगे और उनके अंतिम निपटान तक आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

We shall pursue all claims, insurance matters and compensation cases until their final settlement.

11.हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सीमा शुल्क निकासी से संबंधित सभी दस्तावेज समय पर तैयार एवं प्रस्तुत किए जाएँ।

We shall ensure timely preparation and submission of all documents required for customs clearance.

12.हम यह सुनिश्चित करेंगे कि समेकन (Consolidation) तथा माल अग्रेषण (Freight Forwarding) सेवाएँ निविदा की शर्तों के अनुरूप प्रदान की जाएँ।

We shall provide consolidation and freight forwarding services strictly in accordance with the tender conditions.

13.हम ESSC-INCOIS को आवश्यकतानुसार सभी सूचनाएँ, प्री-अलर्ट, खेप की स्थिति तथा अन्य संबंधित जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराते रहेंगे।

We shall keep ESSC-INCOIS informed regarding pre-alerts, shipment status and all other relevant information on a regular basis.

14.हम यह स्वीकार करते हैं कि अनुबंध के निष्पादन के दौरान किसी प्रकार का कपटपूर्ण (Fraudulent), भ्रष्ट (Corrupt), अनैतिक (Unethical) अथवा दबावपूर्ण (Coercive) आचरण नहीं करेंगे।

We undertake that we shall not indulge in any fraudulent, corrupt, unethical or coercive practice during the execution of the contract.

15.हम यह स्वीकार करते हैं कि निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तें हमारे लिए बाध्यकारी होंगी।

We accept that all terms and conditions contained in the tender document shall be binding upon us.

16.हम यह प्रमाणित करते हैं कि हमारे द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाएँ, दस्तावेज एवं प्रमाण-पत्र सत्य, पूर्ण एवं सहीहैं।

We certify that all information, documents and certificates submitted by us are true, complete and correct.

17.हम यह स्वीकार करते हैं कि यदि हमारे द्वारा प्रस्तुत कोई सूचना असत्य अथवा भ्रामक पाई जाती है, तो ESSC-INCOIS को हमारी बोली अस्वीकार करने अथवा अनुबंध समाप्त करने का अधिकारहोगा।

We acknowledge that if any information furnished by us is found to be false or misleading, ESSC-INCOIS shall have the right to reject our bid or terminate the contract.

स्थान Place: __________

दिनांक Date: __________

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर
(Signature of Authorized Signatory)

नाम Name: ____________________

पदनाम Designation: __________________

कंपनी की मुहरSeal of the Company

# अनुलग्नक /ANNEXURE – 'B'

## जमानत राशि / अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) हेतु बैंक गारंटी का प्रारूप

## FORMAT OF BANK GUARANTEE FOR

## BID SECURITY / EARNEST MONEY DEPOSIT (EMD)

---

**बैंक गारंटी संख्या/Bank Guarantee No. :** ________

**दिनांक /Date :**________

सेवा में/To

निदेशक/The Director
भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)

Indian National Centre for Ocean Information Services (INCOIS)
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार

Ministry of Earth Sciences, Government of India
"ओशन वैली", प्रगति नगर, हैदराबाद – 500090

"Ocean Valley", Pragathi Nagar, Hyderabad – 500090

---

महोदय/Sir,

हम, ____________________ (बैंक का नाम), जिसका पंजीकृत कार्यालय ____________________ में स्थित है, यह जानते हुए कि M/s ____________________ (इसके पश्चात् "बोलीदाता" कहा जाएगा) ने ESSC-INCOIS द्वारा जारी निविदा संख्या ____________ के अंतर्गत सीमा शुल्क अभिकर्ता (CHA) सह माल अग्रेषण अभिकर्ता (Freight Forwarding Agent) की नियुक्ति हेतु अपनी बोली प्रस्तुत की है, एतद्द्वारा ₹1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) की राशि तक निदेशक, ESSC-INCOIS के पक्ष में यह अपरिवर्तनीय एवं बिना शर्त बैंक गारंटी प्रदान करते हैं।

We, ____________________ (Name of the Bank), having our registered office at ____________________, knowing that M/s ____________________ (hereinafter referred to as "the Bidder") has submitted a bid against Tender No. ____________ for appointment of Customs House Agent (CHA) cum Freight Forwarding Agent for ESSC-INCOIS, hereby issue this irrevocable and unconditional Bank Guarantee in favour of the Director, ESSC-INCOIS for an amount not exceeding ₹1,00,000/- (Rupees One Lakh only).

हम यह वचन देते हैं कि यदि—

1. बोलीदाता अपनी बोली की वैधता अवधि के दौरान बोली वापस लेता है; अथवा
2. बोलीदाता, सफल घोषित किए जाने के उपरांत, निर्धारित अवधि के भीतर निष्पादन बैंक गारंटी (Performance Bank Guarantee) प्रस्तुत करने में विफल रहता है; अथवा
3. बोलीदाता निविदा की किसी शर्त का उल्लंघन करता है; अथवा
4. बोलीदाता अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इंकार करता है,

तो हम निदेशक, ESSC-INCOIS द्वारा लिखित मांग प्राप्त होते ही, बिना किसी आपत्ति, प्रतिवाद अथवा स्पष्टीकरण की अपेक्षा किए, उपर्युक्त राशि अथवा उसका कोई भाग तत्काल अदा कर देंगे।

We undertake that if:

1. The bidder withdraws the bid during its validity period; or
2. The bidder, after being declared successful, fails to furnish the Performance Bank Guarantee within the prescribed time; or
3. The bidder violates any condition of the tender; or
4. The bidder refuses to execute the contract,

we shall, upon receipt of a written demand from the Director, ESSC-INCOIS, pay forthwith the said amount or any part thereof without demur, protest or reference to the bidder.

हम यह भी स्वीकार करते हैं कि निदेशक, ESSC-INCOIS द्वारा यह निर्णय कि उपर्युक्त परिस्थितियों में से कोई उत्पन्न हुई है अथवा नहीं, हमारे लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

We further agree that the decision of the Director, ESSC-INCOIS as to whether any of the above circumstances has arisen shall be final and binding on us.

यह बैंक गारंटी इस शर्त के अधीन होगी कि ESSC-INCOIS द्वारा की गई कोई भी मांग लिखित रूप में हमें इसकी वैधता अवधि के भीतर प्राप्त होनी चाहिए।

This Bank Guarantee shall remain enforceable provided that a written demand is received by us within its validity period.

यह बैंक गारंटी __________ तक प्रभावी रहेगी और उसके पश्चात स्वतः निष्प्रभावी हो जाएगी, जब तक कि उससे पूर्व कोई दावा प्राप्त न हो जाए।

This Bank Guarantee shall remain valid up to __________ and shall thereafter stand discharged unless a claim is received before that date.

इस बैंक गारंटी के अंतर्गत हमारे दायित्व की अधिकतम सीमा ₹1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) होगी।

Our liability under this Bank Guarantee shall not exceed ₹1,00,000/- (Rupees One Lakh only).

इस बैंक गारंटी को निदेशक, ESSC-INCOIS की पूर्व लिखित सहमति के बिना निरस्त, संशोधित अथवा परिवर्तित नहीं किया जाएगा।

This Bank Guarantee shall not be revoked, amended or modified without the prior written consent of the Director, ESSC-INCOIS.

इसके साक्ष्य में हमने इस __________ दिनांक को अपने अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर एवं बैंक की मुहर सहित यह गारंटी निष्पादित की है।

In witness whereof, we have executed this Guarantee on this __________ day and affixed the seal of the Bank through our duly authorized officer.

**बैंक की ओर से**

**For and on behalf of the Bank**

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर
(Signature of Authorized Signatory)

नाम Name: ____________________

पदनाम Designation: __________________

बैंक की मुहरSeal of the Bank

---

साक्षी Witness– 1

नाम Name: ____________________

हस्ताक्षर Signature: ________________

---

साक्षी Witness– 2

नाम Name: ____________________

हस्ताक्षर Signature: ________________

# अनुलग्नक ANNEXURE– 'C'

# एक्स-वर्क्स (Ex-Works) खेपों हेतु विदेशी अंतर्देशीय हैंडलिंग, अग्रेषण एवं पिक-अप शुल्कों का विवरण

## SCHEDULE OF FOREIGN INLAND HANDLING, FORWARDING AND PICK-UP CHARGES FOR EX-WORKS CONSIGNMENTS

प्रस्तावना

यह अनुलग्नक उन खेपों पर लागू होगा जिन्हें विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के परिसर (Supplier's Premises) से Ex-Works शर्तों पर उठाकर निकटतम अंतरराष्ट्रीय गेटवे हवाई अड्डे अथवा समुद्री बंदरगाह तक पहुँचाया जाना है।

इन शुल्कों में सामान्यतः स्थानीय पिक-अप, अंतर्देशीय परिवहन, अग्रेषण (Forwarding), दस्तावेजीकरण तथा संबंधित हैंडलिंग व्यय सम्मिलित होते हैं।

**Introduction**

This Annexure shall apply to consignments required to be collected from the supplier's premises on Ex-Works terms and transported up to the nearest International Gateway Airport or Seaport.

The charges normally include local pick-up, inland transportation, forwarding, documentation and associated handling expenses.

महत्वपूर्ण निर्देश

**Important Instructions**

1. प्रत्येक देश के लिए लागू पिक-अप एवं अग्रेषण शुल्क मूल्य अनुसूची में पृथक रूप से उद्धृत किए जाएंगे।

For each country, the applicable pick-up and forwarding charges shall be quoted separately in the Price Schedule.

2.उद्धृत दरों में स्थानीय हैंडलिंग, दस्तावेजीकरण, अंतर्देशीय परिवहन तथा गेटवे हवाई अड्डे/बंदरगाह तक की डिलीवरी सम्मिलितहोगी।

The quoted rates shall include local handling, documentation, inland transportation and delivery up to the gateway airport/seaport.

3.इन शुल्कों में अंतरराष्ट्रीय वायु अथवा समुद्री मालभाड़ा सम्मिलित नहींहोगा।

These charges shall not include international air freight or ocean freight.

4.जहाँ लागू हो, स्थानीय कर (Local Taxes), टोल (Tolls) अथवा वैधानिक शुल्क पृथक रूप से दर्शाएजाएँगे।

Local taxes, tolls or statutory levies, wherever applicable, shall be indicated separately.

5.किसी विशेष स्थान, दूरस्थ क्षेत्र (Remote Location), जोखिमयुक्त क्षेत्र अथवा असामान्य आकार की खेप (ODC Consignment) के लिए अतिरिक्त शुल्क लागू होने पर उसका स्पष्ट उल्लेख कियाजाएगा।

Any additional charges applicable for remote locations, hazardous areas or over-dimensional consignments shall be clearly specified.

6.Ex-Works खेपों के लिए भुगतान केवल उन दरों के अनुसार किया जाएगा जो मूल्य अनुसूची में उद्धृत एवं ESSC-INCOIS द्वारा स्वीकृतहोंगी।

Payments for Ex-Works consignments shall be made only as per the rates quoted in the Price Schedule and accepted by ESSC-INCOIS.

**शुल्क अनुसूची/Schedule of Charges**

मूल निविदा दस्तावेज में इस अनुलग्नक के अंतर्गत विभिन्न देशों के लिए पृथक-पृथक विदेशी अंतर्देशीय हैंडलिंग, अग्रेषण एवं पिक-अप शुल्कों की सारणी दी गई है। अंतिम द्विभाषी दस्तावेज में वह सारणी मूल दस्तावेज के अनुसार यथावत पुनरुत्पादित की जाएगी तथा सभी देशों के नाम, भार श्रेणियाँ एवं वित्तीय आंकड़े बिना किसी परिवर्तन के रखे जाएँगे।

The original tender document contains a country-wise schedule of foreign inland handling, forwarding and pick-up charges. In the final bilingual version, the table shall be reproduced exactly as appearing in the tender document, with all country names, weight slabs and financial figures retained without alteration.

प्रमाणन

**Certification**

बोलीदाता द्वारा उद्धृत सभी दरें निविदा की शर्तों के अनुरूप होंगी तथा अनुबंध अवधि के दौरान उन्हीं के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

All rates quoted by the bidder shall be in conformity with the tender conditions and shall form the basis of payment during the contract period.

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
Authorized Signatory
नाम : ______________
Name: ______________
पदनाम : ______________
Designation: ______________
कंपनी की मुहर
Seal of the Company
निष्पादन सुरक्षा प्रपत्र

## PERFORMANCE SECURITY FORM

## (निष्पादन बैंक गारंटी का प्रारूप)

## (FORMAT OF PERFORMANCE BANK GUARANTEE)

---

**बैंक गारंटी संख्या Bank Guarantee No.:** __________

**दिनांक : Date :**__________

सेवा में,To

निदेशक/ The Director
भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)

Indian National Centre for Ocean Information Services (INCOIS)
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार

Ministry of Earth Sciences, Government of India
"ओशन वैली", प्रगति नगर, हैदराबाद – 500090

"Ocean Valley", Pragathi Nagar, Hyderabad – 500090

**विषय /Subject: निष्पादन बैंक गारंटी/ Performance Bank Guarantee**

महोदयSir,

यह ज्ञात होने पर कि M/s ________________________ (जिसे आगे "ठेकेदार" कहा जाएगा) को ESSC-INCOIS द्वारा निविदा संख्या ________________________ के अंतर्गत सीमा शुल्क अभिकर्ता (CHA) सह माल अग्रेषण अभिकर्ता (Freight Forwarding Agent) के रूप में नियुक्त किया गया है तथा अनुबंध की शर्तों के अनुसार उसे ₹10,00,000/- (केवल दस लाख रुपये) की निष्पादन सुरक्षा प्रस्तुत करनी है, हम ________________________ (बैंक का नाम) एतद्द्वारा आपके पक्ष में यह अपरिवर्तनीय एवं बिना शर्त बैंक गारंटी प्रदान करते हैं।

Whereas M/s ________________________ (hereinafter referred to as "the Contractor") has been awarded the contract for appointment as Customs House Agent (CHA) cum Freight Forwarding Agent under Tender No. ________________________ and is required to furnish a Performance Security of ₹10,00,000/- (Rupees Ten Lakhs only), we, ________________________ (Name of the Bank), hereby issue this irrevocable and unconditional Bank Guarantee in your favour.

हम यह वचन देते हैं कि यदि ठेकेदार—

1. अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है; अथवा
2. अनुबंधानुसार सेवाएँ प्रदान करने में विफल रहता है; अथवा
3. सेवाओं का निष्पादन असंतोषजनक पाया जाता है; अथवा
4. अनुबंध अवधि के दौरान किसी प्रकार की चूक, त्रुटि, लापरवाही अथवा कदाचार करता है; अथवा
5. ESSC-INCOIS को वित्तीय अथवा प्रशासनिक हानि पहुँचाने वाली कोई कार्रवाई करता है,

तो हम निदेशक, ESSC-INCOIS द्वारा लिखित मांग प्राप्त होने पर, बिना किसी आपत्ति, प्रतिवाद, शर्त अथवा स्पष्टीकरण की अपेक्षा किए, ₹10,00,000/- (केवल दस लाख रुपये) तक की राशि तत्काल अदा करेंगे।

We undertake that if the Contractor:

1. Violates any condition of the contract; or
2. Fails to perform the services in accordance with the contract; or
3. Renders unsatisfactory services; or
4. Commits any omission, negligence, misconduct or default during the contract period; or
5. Causes any financial or administrative loss to ESSC-INCOIS,

we shall, on receipt of a written demand from the Director, ESSC-INCOIS, pay forthwith any amount up to ₹10,00,000/- (Rupees Ten Lakhs only) without demur, protest, condition or reference to the Contractor.

हम यह भी स्वीकार करते हैं कि निदेशक, ESSC-INCOIS का यह निर्णय कि ठेकेदार द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया गया है अथवा नहीं, हमारे लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

We further agree that the decision of the Director, ESSC-INCOIS regarding whether the Contractor has violated the contract conditions shall be final and binding upon us.

यह बैंक गारंटी अनुबंध की संपूर्ण अवधि तथा उसके उपरांत निर्धारित अतिरिक्त अवधि तक वैध रहेगी और इस अवधि के दौरान ESSC-INCOIS द्वारा किए गए किसी भी दावे के लिए प्रवर्तनीय होगी।

This Bank Guarantee shall remain valid throughout the contract period and for the additional period stipulated in the contract and shall remain enforceable for all claims lodged during such period.

इस बैंक गारंटी के अंतर्गत हमारी अधिकतम देयता ₹10,00,000/- (केवल दस लाख रुपये) तक सीमित होगी।

Our total liability under this Bank Guarantee shall not exceed ₹10,00,000/- (Rupees Ten Lakhs only).

यह बैंक गारंटी निदेशक, ESSC-INCOIS की पूर्व लिखित सहमति के बिना निरस्त, संशोधित अथवा परिवर्तित नहीं की जाएगी।

This Bank Guarantee shall not be revoked, amended or modified without the prior written consent of the Director, ESSC-INCOIS.

इस बैंक गारंटी के अंतर्गत कोई भी दावा इसकी वैधता अवधि के भीतर लिखित रूप में प्राप्त होना चाहिए, अन्यथा इस गारंटी के अंतर्गत बैंक का दायित्व समाप्त हो जाएगा।

Any claim under this Bank Guarantee must be received in writing within the validity period of the Guarantee, failing which the Bank shall stand discharged from all liabilities hereunder.

इसके साक्ष्य में हमने इस ___________ दिनांक को अपने अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर तथा बैंक की आधिकारिक मुहर सहित यह बैंक गारंटी निष्पादित की है।

In witness whereof, this Bank Guarantee has been executed on this ___________ day under the signatures of our duly authorized officer and the seal of the Bank.

बैंक की ओर से

For and on behalf of the Bank

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर/Signature of Authorized Signatory

नाम / Name: ______________________

पदनाम / Designation: ______________________

बैंक की मुहर /Seal of the Bank

**साक्षी Witness – 1**

नाम / Name: ______________________

हस्ताक्षर / Signature: ______________________

**साक्षी / Witness– 2**

नाम / Name: ______________________

हस्ताक्षर / Signature: ______________________